आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 25.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से गुणवत्ता पर जोर देने की अपील की।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई भारी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी राज्य के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर पहुंच रहे हैं।
- और अल्मोड़ा के हवालबाग में "जन जन की सरकार, जन जन के द्वार" अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर में आम जन की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर उद्योग और स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर जोर देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे कपड़ा हो या प्रौद्योगिकी, या इलेक्ट्रॉनिकी या केवल पैकेजिंग, लक्ष्य हो कि भारतीय उत्पाद सर्वोच्च गुणवत्ता के हों। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता हमारा मानक और लक्ष्य होना चाहिए।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर श्री मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाईयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए।

कल होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह का उल्लेरख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का संविधान गणतंत्र दिवस पर ही अस्त्त्वि मे आया। उन्होंने कहा कि यह दिन संविधान के जनकों के प्रति आभार व्युक्त करने का अवसर देता है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण में भी प्रसारण होगा।

दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चौनलों पर रात साढ़े 9 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित करेगा।

बर्फबारी

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई भारी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी और देहरादून के चकराता व मसूरी सहित अन्य पर्यटक स्थलों का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय व्यापारी उत्साहित हैं। वहीं सैलानियों के आवागमन को देखते हुए प्रशासन मार्गों पर जमी बर्फ हटाने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में जुटा है।

इसी कड़ी में उत्तरकाशी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र सॉंकरी, जखोल, केदारकंठा में देश–विदेश के पर्यटक ट्रैकिंग के लिए पहुंच रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में स्थानीय व्यापारी चैन सिंह ने ताजा बर्फबारी को स्थानीय पर्यटन और खेती के लिए लाभकारी बताया।

जन जन की सरकार जन जन के द्वार

अल्मोड़ा जिले की खत्याड़ी न्याय पंचायत में "जन जन की सरकार, जन जन के द्वार" अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दर्जा राज्य मंत्री उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय जलागम परिषद् उत्तराखंड शंकर कोरंगा ने विभाग वार जन समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर में 28 विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे।

स्वच्छता अभियान पिथौरागढ़

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पिथौरागढ़ जिले को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के चंडाक क्षेत्र में यह अभियान संचालित हुआ। अभियान के दौरान मिशन चंडाक क्षेत्र सहित सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों और पर्यटक स्थलों पर व्यापक साफ–सफाई की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

सफाई अभियान

तीर्थ नगरी हरिद्वार को साफ स्वच्छ, सुंदर जिले बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में लगातार 2 माह से अधिक सफाई अभियान शहर से लेकर गांव कस्बों तक चलाया जा रहा है, जिसका असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने अभियान में ओर तेजी लाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का विभागवार रोस्टर तैयार करते हुए 31 जनवरी तक जिले में महा स्वच्छता अभियान पखवाड़ा चलाए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में कल भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड–बीएचईएल द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। बीएचईएल नगर प्रशासक संजय पवार ने अवगत कराया कि बीएचईएल टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा फायर गेट चौराहा शास्त्री मार्ग से मुख्य अस्पताल बीएचईएल तक व्यापक सफाई अभियान चला।

नियुक्ति पत्र

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के देहरादून स्थित सीमाद्वार परिसर में कल आयोजित रोजगार मेला 2026 के दौरान 253 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से देशभर में एक साथ 45 केंद्रों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 61 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण के उपरांत उनकी तैनाती की जाएगी।

रोजगार मेले के माध्यम से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सहित विभिन्न केंद्रीय संस्थानों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर टिहरी गढ़वाल में पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ श्याम विजय के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित जागरूकता अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने आम जनमानस को 'बेटी बचाओ' व 'कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम' विषय पर जागरूक किया गया।

लोगों को बताया गया कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। साथ ही आमजन से अपील की गई कि यदि जिले में कहीं भी कन्या भ्रूण हत्या अथवा इससे संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी, टिहरी गढ़वाल एवं जिलाधिकारी कार्यालय, टिहरी गढ़वाल को सूचित करें।